तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 23 .0 डिग्री से.

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

10 दुर्गा पूजा में माता के सभी रूपों की सुंदर झलक....



10 चार विद्यार्थियों ने नेट परीक्षा की पास



खबर संक्षेप

6.750 ग्राम हेरोइन सहित आरोपित काबू

जींद। थाना उचाना पुलिस 6.750 ग्राम हेरोइन के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान गांव खटकड़ निवासी धर्मवीर के रूप में हुई है।

थाना उचाना प्रभारी मोनिका ने बताया कि पुलिस ने गश्त के दौरान आरोपित अब्दुल कादिर उर्फ मैनुदीन वासी सिरमौर (हिमाचल प्रदेश) को 6.750 ग्राम हेरोईन सहित गिरफ्तार किया गया था। जिसकी पूछताछ में महिला आरोपित मुस्कान वासी खटकड़ व धर्मबीर उर्फ लीला वासी खटकड़ का नाम सामने आया था।

लिफ्ट देकर जेब से नकदी तथा मोबाइल फोन उड़ाए

जींद। गांव बेलरखां नहर पुल पर मजदूर को बाइक पर लिफ्ट लेने मंहगा पड़ गया। बाइक सवार युवकों ने मजदूर की लिफ्ट देकर उसकी जेब से दस हजार रुपये की नकदी तथा मोबाइल फोन को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

गांव उझाना निवासी अशोक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मजदूरी करता है।

बाइक चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

जींद। सीआइए स्टाफ जींद पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी मामले में चोरी की चार मोटरसाईकिल सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए चोरों के पास से चार चोरीशुदा बाइकें बरामद की हैं। पुलिस दोनों से बाइक चोरी की अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है।

सीआईए स्टाफ जींद के प्रभारी निरीक्षक यादवेन्द्र सिंह ने बताया कि थाना सदर जींद में कैरखेड़ी निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताा कि वह किसी काम के लिए जींद आया था और बाइक को कैथल रोड बाईपास पर वीटा बूथ के पर खड़ी की थी।

नशेडी ट्रक चालक ने बाइक को मारी टक्कर

कैथल। शहर के जींद रोड पर गुरुवार शाम के समय एक ट्रक चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। गनीमत यह रही बाइक चालक को चोट नहीं आई। ट्रक चालक पर नशे में ट्रक दौड़ाने का आरोप है। आरोप ट्रक चालक ने पहले एक बाइक को टक्कर मारी और फिर इसके बाद लोगों ने ट्रक का पीछा कर उसे रोकने का प्रयास किया तो ड्राइवर ने उन पर भी ट्रक चढ़ाने की कोशिश की। पीछा करते हुए लोग जींद रोड नाके तक पहुंचे, जहां पुलिस ने बैरिकेड लगाकर ट्रक को रोका।

कैथलः 10.65 ग्राम चिट्टा सहित आरोपी गिरफ्तार

कैथल। सीआईए गुहला पुलिस ने नंदगढ़ रोड गुहला के पास से एक आरोपी को 10.65 ग्राम चिट्टा सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की सीआईए गुहला प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप की अगुवाई में एएसआई राकेश की टीम अपराध व नशीले पदार्थों की रोकथाम के संबंध में गुहला क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली कि प्रदीप निवासी डेरा भाग सिंह, चीका नशीला पदार्थ चिट्टा बेचने का काम करता है और इस समय गुहला से नंदगढ़ रोड पर श्मशान घाट के पास चिट्टा बेचने के लिए ग्राहकों के इंतजार में खड़ा है।

खेत से मोटर की केबल चोरी के दो आरोपी काबू

कैथल। सीआईए 1 पुलिस ने खेत से मोटर की केबल चोरी करने के मामले में 2 आरोपियों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव कुराड़ निवासी जगविंदर की शिकायत अनुसार 20 जनवरी की रात को लाम्बा खेड़ी रोड स्थित उसके खेत से दो मोटरों की केबल चोरी हो गई थी। जिसमें एक केबल 60 फीट तथा दूसरी केबल 20 फीट थी। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपियों को कोर्ट के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

एसडीएम ने किसानों को खरीद व्यवस्था सुचारु करवाने का दिया आश्वासन, तब माने किसान

धान खरीद न होने पर किसानों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

बार-बार जाम लगाने के लिए मजबूर न होने देने की मांग उठाई

धान की खरीद सुचारु रूप से शुरू न होने से नाराज किसानों ने गुरुवार को दूसरे दिन फिर राजौंद अनाज मंडी के सामने असंध रोड पर जाम लगा दिया। करीब अढ़ाई घंटे तक लगे जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन प्रभावित रहा।किसानों ने बताया कि वे पिछले सात दिनों से धान लेकर मंडी में बैठे हैं, लेकिन अभी तक उनकी फसल की खरीद नहीं हुई है। किसानों का कहना था कि बुधवार को भी अधिकारियों ने खरीद शुरू करवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन इसके बावजूद खरीद शुरू नहीं हो सकी। इससे किसानों में रोष बढ़ गया। जाम की सूचना मिलने पर जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक (डीएफएससी) वीरेंद्र सिंह, जिला प्रबंधक (डीएम) अनूप नैन और थाना प्रभारी हरपाल सिंह मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों को समझाकर जाम खोलने का प्रयास किया, लेकिन किसानों ने स्पष्ट कहा कि जब तक मौके पर धान की खरीद शुरू नहीं करवाई जाती, तब तक वे जाम नहीं खोलेंगे। इस दौरान मार्केट कमेटी सचिव देवेंद्र मोर भी मौके पर मौजूद रहे।बाद में कैथल के एसडीएम संजय कुमार मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्या सुनी। एसडीएम ने किसानों को खरीद व्यवस्था सुचारु करवाने का आश्वासन दिया तथा मौके पर धान की खरीद शुरू करवाई। खरीद प्रक्रिया शुरू होने के बाद किसानों ने जाम खोल दिया, जिससे असंध रोड पर यातायात सामान्य हो सका। किसानों ने प्रशासन से मंडी में धान की खरीद नियमित रूप से करवाने, कई दिनों से मंडी में पड़ी फसल का जल्द उठान करवाने तथा किसानों को बार-बार जाम लगाने के लिए मजबूर न होने देने की मांग की।



राजौंद। अनाज मंडी के सामने असंध रोड पर धान की खरीद शुरू न होने के विरोध में जाम लगाकर बैठे किसान। *फोटो :हरिभूमि*



कैथल। मार्केट कमेटी कार्यालय के बाहर धरना देते किसान। *फोटो :हरिभूमि*



कैथल। मार्केट कमेटी कार्यालय में तालाबंदी करते किसान। *फोटो :हरिभूमि*

धरना देकर सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की

कैथल। कैथल में वीरवार को जाखौली अड्डा स्थित नई अनाज मंडी में धान की खरीद न होने से गुस्साए किसानों ने मार्केट कमेटी के कार्यालय पर ताला जड़ दिया। किसान मार्केट कमेटी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए और मंडी प्रशासन व जिला प्रशासन सहित सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने कहा कि जब तक मंडी में हैफेड, डीएफएससी और वेयरहाउस सहित सभी एजेंसियां रोजाना खरीद का कार्य नहीं करेंगी, तब तक वे प्रदर्शन करते रहेंगे। बाद में अधिकारियों द्वारा सभी एजेंसियों से खरीद करवाने के आश्वासन पर किसानों ने ताला खोल दिया। प्रदर्शन में शामिल वरिष्ठ किसान नेता होशियार सिंह प्योदा, हर्षदीप, प्रदीप, नरेंद्र व अन्य ने कहा कि मंडी में न तो धान की खरीद का कार्य सुचारू रूप से हो रहा है और न ही उठान नियमानुसार हो रहा है। दूसरी ओर किसानों को फसल के रेट भी पूरे नहीं मिल रहे हैं। निर्धारित नमी की मात्रा के अनुसार फसल की जिस ढेरी का रेट 2400 रुपए तक होना चाहिए, उसे भी मात्र 2100 से 2200 रुपए तक खरीदा जा रहा है। खरीद एजेंसियों द्वारा किसानों के साथ लूट की जा रही है। उनका कहना था कि किसान अपनी धान को लेकर 4 से 5 दिन तक अनाज मंडी में बैठे हैं लेकिन कोई भी उसकी खरीद नहीं कर रहा है। ऐसे में किसानों को अनाज मंडी में भी धान की रखवाली करनी पड रही है। 90 फाइलें तो अधिकारियों की टेबल पर पड़ी गुस्साए किसानों ने कहा कि वे इस संबंध में सीएम से भी मिले थे और समस्या के बारे में बताया था। अब तक किसानों के लिए सैलर तक अलॉट नहीं किए गए हैं।

धान खरीद प्रकिया के दौरान किसानों को नहीं होनी चाहिए परेशानी : डीसी

वाहनों की उपलब्धता पर निगरानी के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी डा. वैशाली शर्मा ने जिला की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर चल रही धान खरीद प्रक्रिया की समीक्षा को लेकर संबंधित एसडीएम के साथ वर्चुअल बैठक की। बैठक में उन्होंने मंडियों में धान की आवक, खरीद प्रक्रिया, किसानों एवं आढ़तियों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं तथा फसल उठान से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा मंडियों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से निश्चित रखी जाएं। इस अवसर पर जींद के एसडीएम सत्यवान सिंह मान, डीएफएससी राजेश आर्य व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। डीसी ने कहा कि धान खरीद सीजन के दौरान मंडियों में किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

नोडल अधिकारी लगाए

जींद की पुरानी व नई अनाज मंडी के लिए एसडीएम जींद, नरवाना की पुरानी व नई अनाज मंडी के लिए एसडीएम नरवाना, सफीदों की पुरानी व नई अनाज मंडी के लिए एसडीएम सफीदों, उचाना की पुरानी व नई अनाज मंडी के लिए एसडीएम उचाना, जुलाना की पुरानी व नई अनाज मंडी के लिए एसडीएम जुलाना, पिल्लूखेड़ा अनाज मंडी के लिए राहुल जैन महाप्रबंधक रोडवेज, नगूरा मंडी के लिए जिला परिवहन अधिकारी गिरीश कुमार, अलेवा मंडी के लिए अलेवा के नायब तहसीलदार ओमकार दत्त शर्मा, काब्रच्छा मंडी के लिए बीडीपीओ अलेवा जयपाल, दनौदा मंडी के लिए नरवाना के तहसीलदार विजय बब्बर, गढ़ी मंडी के लिए बिजली विभाग के एसडीओ महेंद्र सिंह, खरल मंडी के लिए बीडीपीओ नरवाना तरूण कुमार, मंगलपुर मंडी के लिए उचाना के नायब तहसीलदार अशोक कुमार तथा धमतान मंडी के लिए जींद के नायब तहसीलदार रणबीर सिंह को नोडल अधिकारी लगाया गया है।

पांच माह पूर्व रोडवेज बस से गिरे घायल ने तोड़ा दम

- घटना के बाद से पीजीआई में उपचाराधीन था, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव गोसाई खेड़ा बस अड्डे पर लगभग पांच माह पहले रोडवेज बस से गिर कर घायल हुए व्यक्ति की पीजीआई रोहतक में मौत हो गई। मृतक की पत्नी की शिकायत पर रोडवेज बस चालक-परिचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गोसाई खेड़ा निवासी ओमी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति सुभाष गत 11 मई देर शाम को जुलाना से रोडवेज बस में घर के लिए रवाना हुए थे। बस परिचालक ने गांव गोसाई खेड़ा स्टाप ने होने पर बस रोकने से मना कर दिया। उसके पति को गांव गतौली बस अड्डे की टिकट दे गई। बस चालक ने गांव गोसाईखेड़ा फ्लाईओवर के निकट स्पीड को कम कर दिया। परिचालक ने उसके पति को चलती बस से उतरने को कहा। जब उसका पति सुभाष नीचे उतरने लगा तो वह हाइवे पर गिर गया। जिसमें उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया।

आरोपित बिजली कर्मियों को गिरफ्तार करने की मांग

जींद। गांव हाट में बिजली घर में अधिवक्ता पर जानलेवा हमला करने वाले बिजली कर्मियों की गिरफ्तारी न होने के विरोध में जिला बार ने दूसरे दिन वीरवार को भी वर्क सस्पेंड रखा। अधिवक्ताओं के अदालतो मे पेश न होने पर अगली तारीख दे दी गई। वहीं अधिवक्ताओं द्वारा वर्क सस्पेंड किए जाने के कारण कामकाज के सिलसिले में आए लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। गांव हाट बिजलीघर में गत 16 सितंबर रात को शिकायत करने पहुंचे अधिवक्ता प्रवीण बूरा पर बिजलीकर्मियों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने बिजली निगम के एसडीओ समेत पांच कर्मियों के खिलाफ जानलेवा हमला करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया था।

दोस्तों संग मिल किया ससुराल पक्ष पर हमला

पहले दुकान पर पहुंच कर साले को पीटा, फिर घर पहुंच किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

खफा दामाद ने अपने दोस्तों के साथ मिल कर अपने साले से दुकान पर मारपीट की। फिर ससुराल पहुंच गया और वहां हंगामा किया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने घायल साले की शिकायत पर जीजा समेत तीन लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खरकगादिया निवासी अक्षय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन गांव तलोडा निवासी विशाल के साथ विवाहित है। कुछ समय पहले उनकी विशाल के साथ कहासुनी हो गई थी। गत दो अक्टूबर को वह गांव ढाठरथ अपनी दुकान पर गया हुआ था। उसी दौरान विशाल तथा उसके साथी दर्जनभर बाइकों पर सवार होकर पहुंचे। जिन्होंने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। जिसके बाद आरोपित बाइकों पर सवार होकर गांव खरकगादिया उसके घर पर पहुंचे और हंगामा किया। अनहोनी घटना की आशंका के चलते उसके परिजनों ने दरवाजों को बंद रखा। जब तक पुलिस दोनों स्थानों पर पहुंचती तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अक्षय की शिकायत पर विशाल, नसीब, राकेश को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



मामले की जांच जारी

पिल्लूखेड़ा थाना के जांच अधिकारी सुखबीर ने बताया कि घायल व्यक्ति ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।



नरवाना। शहर में प्रदर्शन करते जन संघर्ष मोर्चा के सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

चुनावी प्रक्रिया में धांधली के विरोध में किया प्रदर्शन

नरवाना। जन संघर्ष मंच हरियाणा, नरवाना की ओर से आज चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और धांधली के विरोध में प्रदर्शन किया । प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां एवं बैनर लेकर अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शन के दौरान मंच के कार्यकर्ताओं ने समग्र चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि चुनाव लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत सामने आने पर उसकी निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने मांगों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त से संबंधित शिकायतों की जांच कराने तथा दोष सिद्ध होने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग रखी। साथ ही चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने तथा मतदाताओं के विश्वास को मजबूत करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई। जन संघर्ष मंच हरियाणा के पदाधिकारि जोगिन्दर, सतबीर, बिट्टू, विकास सैन, शमशेर, अन्य साथी मौजूद थे।

फर्जी आईपीओ व स्टॉक निवेश के नाम पर 22.90 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- थाना साइबर क्राइम पुलिस ने दो आरोपी गिरफ्तार किए

थाना साइबर क्राइम कैथल पुलिस ने फर्जी स्टॉक/ आईपीओ निवेश के नाम पर 22.90 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कैथल निवासी सुनील कुमार की शिकायत अनुसार 22 जनवरी को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने उसे व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़कर निवेश करना सिखाने तथा स्टॉक में निवेश से 10 से 20 प्रतिशत तक मुनाफा कमाने का झांसा दिया। इसके बाद उसे एक मोबाइल नंबर दिया गया, जिस पर व्हाट्सऐप के माध्यम से संपर्क किया गया। आरोपियों ने उससे नाम, मोबाइल नंबर, उम्र, ईमेल आईडी तथा बैंक खाते की जानकारी ली और फिस्ट प्रो एप डाउनलोड करवाकर उसके माध्यम से निवेश करने के लिए कहा। उसको फ्री वीआईपी गाइडेंस ग्रुरप 102 नामक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जिसमें आरोपी उसे अलग-अलग जगहों पर पैसा निवेश करने के लिए बताते थे। उसने 29 जनवरी को 10,000 तथा 3 फरवरी को 30,000 रुपये स्टॉक खरीदने के नाम पर अलग-अलग यूपीआई आईडी पर भेजे। इसके बाद आरोपियों ने अधिक मुनाफे का लालच देकर ओटीसी तथा आईपीओ में निवेश करने के नाम पर उससे अलग-अलग बैंक खातों में आरटीजीएस के माध्यम से बड़ी रकम ट्रांसफर करवाई। शिकायतकर्ता ने 10 फरवरी को 2.20 लाख रुपये, 18 फरवरी को 6.45 लाख रुपये तथा 2 मार्च को 13.85 लाख रुपये ट्रांसफर किए। इस प्रकार उससे कुल 22.90 लाख रुपये की राशि ठगी गई।



जींद। डीसी को ज्ञापन देने पहुंचे विहिप कार्यकर्ता। *फोटो :हरिभूमि*

नवरात्र में मांस की दुकानें बंद रखने की मांग उठाई

जींद। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को नवरात्र के दौरान मांस की दुकानें बंद रखने की मांग को लेकर लघु सचिवालय पहुंच कर डीसी प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से विहिप कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से 11 से 19 अक्टूबर तक नवरात्र के दौरान मांस की दुकानों को बंद रखने के लिए आवश्यक आदेश जारी करने की मांग की है। विहिप के जिला अध्यक्ष सुशील सिंगला ने कहा कि 11 अक्टूबर से नवरात्र शुरू हो रहे हैं। हिंदू समाज के लिए नवरात्र विशेष धार्मिक पर्व है और इस दौरान बड़ी संख्या में लोग व्रत एवं धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। प्रशासन से मांग की कि नवरात्र की अवधि में मांस की दुकानों को बंद रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कहा कि पिछले नवरात्र के दौरान भी प्रशासन के आदेश पर मांस की दुकानें बंद रही थी। प्रांत मीडिया प्रभारी नवीन जैन ने मांसाहार से जुड़ी दुकानों के संचालकों से भी अपील की कि वे 11 से 19 अक्टूबर तक दुकानें बंद रख कर नवरात्र में धार्मिक भावनाओं का सम्मान करें।

जिले में नौ पुलिस नाके स्थापित लगाए, 200 पुलिसकर्मियों की लगाई ड्यूटी

श्राद्ध अमावस्या पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था के लिए किए व्यापक प्रबंधः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जनहित और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जींद पुलिस द्वारा दस अक्टूबर को पांडू पिंडारा में श्राद्ध अमावस्या के विशेष अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक प्रबंध किए हैं। श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में कुल नौ पुलिस नाके स्थापित किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए दो शिफ्टों में लगभग 200 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जो चौबीसों घंटे मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी हेतु डीएसपी जींद रिषभ सोढ़ी को विशेष रूप से नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए थाना प्रबंधक सिविल लाइन जींद तथा थाना प्रबंधक महिला थाना जींद को भी नियुक्त किया गया है। साथ ही सिविल पक्ष में भी पुलिस कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं व्यवस्था पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके। यातायात को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से प्रबंधक अफसर यातायात को विशेष रूप से तैनात किया गया है।

यातायात नियमों का पालन करें

साथ ही आमजन से भी अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें निर्धारित पार्किंग स्थल का ही प्रयोग करें, पुलिस प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। जींद पुलिस नागरिकों की सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने हेतु निरंतर कार्य कर रही है।

पार्किंग की व्यवस्था की

श्रद्धालुओं एवं आमजन के वाहनों की सुविधा को ध्यान में रखते वाहनों के लिए अलग से पार्किंग की व्यवस्था की गई है ताकि मुख्य मार्गों पर अनावश्यक भीड़ एवं जाम की स्थिति उत्पन्न न हो और आवागमन निर्बाध रूप से संचालित हो सके। जींद पुलिस द्वारा सभी ड्यूटी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता, अनुशासन एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।



पूंडरी। चेयरमैन मोहनलाल बडौली का स्वागत करते उमेश शर्मा। *फोटो :हरिभूमि*

मोदी के 25 वर्ष के सेवाकाल ने देश को नई दिशा दी : बड़ौली

पूंडरी। हरियाणा सरकार में सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष का सेवाकाल देश के लिए समर्पण, सुशासन और राष्ट्रसेवा की मिसाल है। इन 25 वर्षों में नरेंद्र मोदी ने संगठन से लेकर सरकार तक विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करते देश के विकास व जनकल्याण को नई दिशा देने का काम किया है। प्रधानमंत्री का पूरा राजनीतिक जीवन राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सेवा और विकास के संकल्प को समर्पित रहा है। बड़ौली गुरुवार को पूंडरी में भाजपा के युवा नेता उमेश धर्मपाल शर्मा के प्रतिष्ठान पर बातचीत कर रहे थे। इस दौरान युवा नेता उमेश शर्मा ने मोहन लाल बड़ौली को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूंडरी विधायक सतपाल जांबा, विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. राजेंद्र कुमार अनायत, कुलसचिव प्रो. संजय गोयल, जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, पाई मार्किट कमेटी चेयरमैन कृष्ण शर्मा पिलनी तथा युवा नेता उमेश शर्मा मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

अस्मिता रग्बी सिटी प्रतियोगिता आज

जींद। आधारशिला पब्लिक स्कूल में नौ अक्टूबर को अस्मिता रग्बी सिटी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिलेभर से खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के मुख्यअतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी देवी और विशिष्ट अतिथि पुष्पा मोर डीपीसी जींद होंगी। कार्यक्रम के समापन समारोह मुख्यअतिथि जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजू सिहाग निदेशक आधारशिला पब्लिक स्कूल करेंगी। यह जींद जिले में रग्बी खेल की अब तक की दूसरी अस्मिता प्रतियोगिता होगी।

संदिग्ध हालात में दो लड़कियां लापता, केस

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों से दो नाबालिग लड़कियों के संदिग्ध हालात मे गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण के मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बराह खुर्द निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। वही कुराना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत सात अक्टूबर को उसकी 15 वर्षीय बेटी गांव बुढाखेड़ा से सदिग्ध हालात मे गायब हो गई। तलाशने करने पर दोनों का कोई सुराग नही लगा।

संदिग्ध हालात में दो महिलाएं लापता, केस

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों से दो महिलाओं के संदिग्ध हालात में गायब होन पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। जुलाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत छह अक्टूबर को उसकी 32 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। वहीं पुलिस कालोनी स्कूल के लिए निकली 29 वर्षीय महिला भी गायब हो गई। दोनों अभिभावकों ने गायब महिलाओं को तलाशा भी लेकिन कोई सुराग नही लगा। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

समस्याओं का उचित हल सुनिश्चित किया जाए

जींद। समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का निपटारा केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि नागरिक को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए। यह बात नायब तहसीलदार संजय कुमार ने लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध और उचित समाधान सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में नायब तहसीलदार संजय कुमार ने आमजन की समस्याएं सुनीं।

सैनिक वाटिका में स्वास्थ्य जांच कैंप कल

जींद। गोहाना रोड स्थित सैनिक वाटिका में सैनिकों और आमजन के लिए फ्री हृदय चेकअप एवं मेडिकल शिविर का आयोजन किया जाएगा। जींद के हार्ट हॉस्पिटल की टीम ईसीजी, शुगर, बीपी व अन्य लैब टेस्ट एवं मेडिकल चेक अप की सुविधाएं प्रदान करेंगी। इसी के साथ पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के परिवारजनों की मासिक सभा भी होगी। जिसमें 28 सितंबर को हरियाणा के पूर्व सैनिकों की हिसार कैंट के उप जनरल ऑफिसर कमांडिंग के साथ पूर्व सैनिकों और परिवारजनों के मसलों और उनको आ रही दिक्कतों के समाधान बारे हुई मीटिंग,सैनिक बोर्ड, आठवें वेतन आयोग एवं अन्य सैनिक और परिवारजनों की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी वैलफेयर एसो.की मीटिंग 10 को उचाना

। रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी वैलफेयर एसो उचाना ब्लॉक की बैठक 10 अक्टूबर को सुबह 10 बजे बैंक कॉम्प्लेक्स के पास स्थित बीसी धर्मशाला में आयोजित होगी। ब्लॉक प्रधान सत्यनारायण वर्मा ने बताया कि बैठक में जिला प्रधान किताब सिंह भनवाला मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। बैठक के दौरान उचाना ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

इंडस स्कूल में अभ्युद्य कला शो में रंगारंग कार्यक्रम की रही धूम

दुर्गा पूजा में माता के सभी रूपों की सुंदर झलक दिखा मोहा मन

विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इण्डस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में नौवीं कक्षा के बच्चों द्वारा अभ्युद्य नाम से भव्य एवं रंगारंग कला शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इंडस ग्रुप कार्डिनेटर प्रवीन परूथी, स्कूल निदेशिका रचना श्योराण, स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा, उपप्राचार्य प्रवीन कुमार, मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने दीप प्रज्जवलित करके किया। इस कार्यक्रम में नौवीं के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में नौवीं कक्षा के बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी विषेश रूप से आमंत्रित किया । कार्यक्रम का उद्देष्य छात्रों की प्रतिभा, रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं मंचीय कौशल को प्रदर्शित करने के साथ-साथ उनकी अब तक की शैक्षणिक यात्रा की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को यादगार बनाना था। अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों की प्रस्तुतियों में दुर्गा पूजा, गुजराती, देशभक्ति से ओतप्रोत ताना जी नृत्य और हरियाणवी नृत्य आदि प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। मंच पर प्रस्तुति देते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

बेहतर प्रदर्शन के लिए सुझाव दिए

दुर्गा पूजा में माता के सभी रूपों की सुंदर झलक देखने को मिली। गुजराती तथा हरियाणवी नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर सत्र 2025-26 के आठवीं कक्षा से पलक प्रथम, जैस्मिन द्वितीय और दुर्वा तृतीय स्थान पर रही। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को नगद पुरस्कार और प्रशस्त पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्रुप कार्डिनेटर प्रवीन परूथी ने नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए करियर काउंसलिंग की। उन्होंने विद्यार्थियों की रूचि, क्षमता एवं भविष्य के लक्ष्य के अनुरूप विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विशय चयन, उच्च शिक्षा तथा भविष्य में उपलब्ध विभिन्न क्षेत्रों के अवसरों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने परीक्षा की प्रक्रिया, तैयारी की रणनीति, समय प्रबंधन तथा बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक सुझाव दिए। कार्यक्रम के दोरान विद्यार्थियों ने तथा अभिभावकों ने करियर से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका समाधान बखूबी किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने बच्चों तथा अध्यापकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचाने और उसे मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की एकता, अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास में विषेश रूप से वृद्धि होती है।



जुलाना। बनाया गया बृहस्पति देव मंदिर। फोटो :हरिभूमि

15 अक्टूबर से आम लोगों के लिए खुलेंगे मंदिर के कपाट

जुलाना: बृहस्पति मंदिर का निर्माण पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के लाला लालचंद अस्पताल के पीछे पिछले चार वर्षों से चल रहा भव्य बृहस्पति मंदिर का निर्माण अब पूरा हो गया है। मंदिर के निर्माण के बाद यहां श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक आयोजन की तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। मंदिर में 15 को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद मंदिर के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। मंदिर के संस्थापक डा. भगवान दास ने बताया कि मंदिर का निर्माण कार्य पूरी तरह से पूरा हो चुका है। मंदिर को श्रद्धालुओं की आस्था और धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते तैयार किया है। उन्होंने बताया कि बृहस्पति देव को समर्पित यह मंदिर क्षेत्र के लोगों के लिए विशेष धार्मिक महत्व रखेगा। डा. भगवान दास ने बताया कि पूरे प्रदेश में बृहस्पति देव का यह पहला मंदिर होगा। मंदिर परिसर में भगवान बृहस्पति देव की विशेष प्रतिमा स्थापित की गई है। मंदिर के निर्माण में धार्मिक वास्तुकला और भव्यता का विशेष ध्यान रखा गया है। मंदिर परिसर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न देवी, देवताओं के दर्शन की भी व्यवस्था की गई है। मंदिर की सबसे खास विशेषताओं में यहां बनाया गया 21 फीट लंबा शिवलिंग शामिल है। विशाल शिवलिंग मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। इसके अलावा मंदिर में माता भगवती, भगवान विष्णु, हनुमान जी और राम दरबार की भी स्थापना की गई है। इससे मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को एक ही स्थान पर विभिन्न देवी व देवताओं के दर्शन करने का अवसर मिलेगा। 4 वर्ष के निर्माण कार्य के बाद मंदिर के तैयार होने से क्षेत्र के लोगों में भी उत्साह है। 11 से रोजाना मंदिर में हवन होगा और शाम के समय पाठ का आयोजन किया जाएगा।

दीपक बने अग्रोहा धाम युवा इकाई प्रदेश सचिव

जींद। बैंक रोड निवासी युवा नेता दीपक गोयल को अग्रोहा धाम युवा इकाई का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग ने की है। अग्रोहा धाम के प्रदेश प्रवक्ता समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने बताया कि दीपक गोयल पिछले कई वर्षों से समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय हैं। सामाजिक सक्रियता, सेवा भाव और समाज के प्रति समर्पण को देखते उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। दीपक की नियुक्ति पर सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने खुशी जताई है। डा. राजकुमार गोयल, व्यापार मंडल के नगर प्रधान राम बिलास मित्तल, जिला प्रधान ईश्वर गोयल, नगर प्रधान अशोक गोयल, साड़ी एसो के प्रधान सावर गर्ग, अग्रोहा धाम युवा इकाई के जिला प्रधान मंयक गर्ग, दीपक गोयल के प्रदेश सचिव बनने पर खुशी जताई है।



नरवाना। बच्चों को लिखावट का अभ्यास करवाते हुए। फोटो :हरिभूमि

नरवाना:वेदांता किड्स में 21 दिवसीय राइटिंग वर्कशॉप

नरवाना। वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूल ,बसंत विहार के द्वारा लेखन कौशल, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने की अनूठी पहल की गई है। विद्यार्थियों के लेखन कौशल को बेहतर बनाने, उनकी लिखावट को सुंदर एवं व्यवस्थित करने तथा उनमें रचनात्मक अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से विशेष 21 दिवसीय राइटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। यह वर्कशॉप टोहाना से राइटिंग विशेषज्ञ हेमलता के द्वारा दी जा रही है। 21 दिनों तक चलने वाली इस विशेष कार्यशाला में बच्चों को सही अक्षर निर्माण, अक्षरों की उचित ऊँचाई एवं दूरी, शब्दों और वाक्यों को साफ-सुथरे ढंग से लिखना, उचित स्पेसिंग, लाइन का सही प्रयोग, लेखन की गति तथा सुंदर एवं स्पष्ट लिखावट के लिए लगातार अभ्यास करवाया जा रहा है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि जैन ने कहा कि सुंदर लिखावट केवल देखने में अच्छी लगने वाली आदत नहीं, बल्कि यह बच्चों में अनुशासन, एकाग्रता और धैर्य विकसित करने का भी माध्यम है।

पात्र विद्यार्थियों का डाटा अपलोड करने के निर्देश

- पहले 28 सितंबर तक डाटा अपलोड करने तक का दिया था समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



छात्रवृति प्रोत्साहन स्कीमों के अंतर्गत राजीव गांधी स्कालरशिप स्कीम के अंतर्गत आने वाले पात्र विद्यार्थियों का डाटा वन स्कूल एप पोर्टल पर अपडेट करने के लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी किया है। स्कूल संचालकों को 12 अक्टूबर तक डाटा अपलोड करना होगा। अगर किसी भी पात्र विद्यार्थी का डाटा अपलोड करने से रह जाने पर छात्रवृत्ति राशि प्राप्त करने में वंचित रह जाता है तो इसके लिए स्कूल मुखिया, खंड शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी जिम्मेदार होंगे। मौलिक शिक्षा हरियाणा निदेशक ने पत्र में कहा कि पहले स्कूलों को 28 सितंबर तक डाटा अपलोड करने का समय दिया गया था लेकिन स्कूल संचालकों की ओर से बहुत कम डाटा अपलोड किया गया। ऐसे में अंतिम अवसर देते लिखा जाता है कि पात्र विद्यार्थियों का डाटा निजी स्तर पर रुचि लेते 12 अक्टूबर तक अपलोड करना सुनिश्चित करें। राजीव गांधी स्कालरशिप स्कीम के अंतर्गत एचआर 3 स्कीम के तहत छठी से आठवीं कक्षा के कक्षा टापर 60 प्रतिशत से अधिक अंक वाले एक छात्र व छात्रा को 750 रुपये छात्रवृत्ति के रूप में दिए जाते हैं। मौलिक शिक्षा हरियाणा की ओर से प्रदेश के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र में कहा गया है कि सत्र 2026-27 में राजीव गांधी स्कालरशिप स्कीम के अंतर्गत आने वाले पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृति राशि का लाभ दिया जाना है। इस बारे आपको सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 में स्कीम के अंतर्गत आने वाले पात्र विद्यार्थियों का डाटा वार्षिक परीक्षा परिणाम के आधार पर पूर्व कक्षा में प्रथम श्रेणी में प्रथम आने वाले एक छात्र व एक छात्रा का डाटा वन स्कूल एप पोर्टल पर अपडेट करने का नया आपशन दिया गया है, जिसमें पात्र विद्यार्थी का पूर्ण डाटा अपडेट किया जाना है। इसलिए पोर्टल पर छात्रों का डाटा अपडेट करने से संबंधित एसओपी की प्रति भेजते लिखा जाता है कि आप अपने अधीनस्थ स्कूल मुखिया को निर्देश दे।

सभी स्कूल मुखियाओं को दिए निर्देश

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि राजीव गांधी स्कालरशिप के तहत विद्यार्थियों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के लिए पात्र विद्यार्थियों का डाटा वन स्कूल एप पोर्टल पर अपलोड करना होगा। इसके लिए स्कूल मुखियाओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे समय रहते 12 अक्टूबर तक विद्यार्थियों का डाटा अपलोड कर दें, जिससे विद्यार्थियों को छात्रवृति मिलने में कोई परेशानी नहीं हो।

मलेरिया और डेंगू से बचाव के प्रति किया जागरूक

जींद। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अधीन आने वाले गांव बरसोला में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने गांव में घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान करने का कार्य किया व रक्त पट्टिका बनाई गई इसके साथ ही ग्रामीणों को मलेरियाए डेंगू एवं अन्य मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तारपूर्वक जागरूक किया गया। स्वास्थ्य टीम ने गांव के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों से उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली और यह जानने का प्रयास किया कि किसी व्यक्ति को बुखार या मच्छरजनित बीमारी से संबंधित कोई लक्षण तो नहीं हैं। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को बताया कि मच्छरों का प्रकोप बढने से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर और आसपास साफ.-सद्धवत्ताई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।



चार विद्यार्थियों ने नेट परीक्षा की पास

- एक साथ चार विद्यार्थियों की सफलता से विभाग में खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विवि के अंग्रेजी विभाग के छात्रों ने विवि का नाम रोशन करते विवि अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) में शानदार प्रदर्शन किया है। विभाग के चार विद्यार्थियों एकता, मोनिका, साक्षम और राहुल ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया। एक साथ चार विद्यार्थियों की सफलता से विभाग में खुशी का माहौल है। कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी की सफलता में उसकी स्वयं की मेहनत के साथ शिक्षकों का मार्गदर्शन और परिवार का सहयोग भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा में चार विद्यार्थियों का सफल होना केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नही बल्कि पूरे अंग्रेजी विभाग और विवि के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने छात्रों से भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ आगे बढ़ने और उच्च शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल करने का आह्वान किया। अंग्रेजी विभाग के चेयरपर्सन प्रो. विशाल वर्मा ने कहा कि नेट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता विद्यार्थियों की शैक्षणिक क्षमता और निरंतर परिश्रम को दर्शाती है। विभाग की ओर से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षाए मार्गदर्शन और बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि विभाग के विद्यार्थी भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विवि का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे।



राजकीय कालेज में राष्ट्रीय सेमिनार के ब्रोशर का विमोचन

जींद। राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता और मार्गदर्शन में आगामी राष्ट्रीय सेमिनार के ब्रोशर का विमोचन किया गया। महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों को समकालीन शैक्षणिक एवं शोध क्षेत्रों से जोडने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेमिनारों का आयोजन किया जा रहा है। पांच नवंबर को शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। सेमिनार का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के युग में शारीरिक शिक्षा एवं खेलों की पुनर्कल्पना समग्र, समावेशी एवं बहुविषयक विकास की ओर है। इस सेमिनार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में शारीरिक शिक्षा एवं खेलों की बदलती भूमिका, समग्र विकास, समावेशी शिक्षा तथा बहुविषयक दृष्टिकोण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण लीलाओं का सुंदर वर्णन

नरवाना। आचार्य वत्स द्वारा सप्तम दिवस की श्रीमद्भागवत कथा में भगवान कृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन किया गया। इसमें भगवान के सोलह हजार एक सौ आठ विवाहों की कथा सुनाई गई तथा बताया गया कि भगवान ने अपनी विभिन्न लीलाओं के माध्यम से किस प्रकार धर्म की स्थापना की और अपने भक्तों का उद्धार किया। इसके पश्चात भगवान कृष्ण की अन्य दिव्य लीलाओं का वर्णन किया गया। भगवान के बालसखा सुदामा की कथा सुनाई गई, जिसमें बताया गया कि किस प्रकार अत्यंत निर्धन अवस्था में सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर भगवान श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुँचते हैं। उनके पास भगवान को भेंट करने के लिए केवल थोड़े से चावल होते हैं, लेकिन भगवान अपने मित्र के प्रेम और भक्ति को देखकर अत्यंत प्रसन्न होते हैं। भगवान कृष्ण अपने बालसखा का जिस प्रेम, आदर और आत्मीयता के साथ स्वागत करते हैं, वह मित्रता की अनुपम मिसाल है। भगवान बिना कुछ माँगे ही सुदामा जी की दरिद्रता दूर कर देते हैं।

अब छह नवंबर तक आवेदन करने का मौका, जिलेभर से अब तक 400 आवेदन मिले

स्टेज कैरिज परमिट देने के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

संशोधित स्टेज कैरिज स्कीम के तहत 35 ग्रामीण रूटों पर प्राइवेट बसों को लेकर स्टेज कैरिज परमिट देने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। पहले आवेदन की अंतिम तारीख 30 सितंबर थी लेकिन अब इसे बढ़ाते हुए छह नवंबर तक कर दिया गया है। अभी तक जिलेभर में 400 आवेदन आ चुके हैं। इच्छुक आवेदकों से अब छह नवंबर तक आवेदन मंगाए गए हैं। तय समय के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा करेंगे और साथ ही 25 हजर रुपये की निर्धारित नॉन रिफडेबल फीस भी जमा करेंगे। आवेदन के साथ जरूरी जानकारी आवेदकों को साथ में दिए गए प्रपत्र 1 में देनी होगी। संबंधित जिला परिवहन अधिकारी द्वारा आवेदनों को प्राप्त करने, प्रोसेस करने और उनकी जांच व पड़ताल करने के लिए एक विशेष टीम बनाई गई है। इस टीम में एडीटीओ, एमवीओ, टीआई, टीएसआइ और जरूरत के अनुसार आपरेटर व अन्य सहयोगी स्टाफ शामिल किए गए हैं। टीम बनाने के आदेश की एक कापी आवेदन लेने की तारीख शुरू होने से पहले हेड क्वार्टर को भेजी जाएगी। समिति द्वारा प्राप्त और प्रोसेस जांच किए गए आवेदनों का पूरा रिकार्ड एक रजिस्टर में रखा जा रहा है, जिस पर समिति के सदस्यों के हस्ताक्षर होंगे और संबंधित डीटीओ, सहसचिव, आरटीए के भी काउंटर हस्ताक्षर होंगे। इस समय जिले में परिवहन समिति की 162 बस दौड़ रही हैं। इसमें से नरवाना रूट पर 31, असंध पर 16, गोहाना, बरवाला पर 19, हांसी पर 26, पुंडरी पर तीन, जींद-पानीपत पर 26, पिल्लूखेड़ा-रोहतक पर पांच, नरवाना-हांसी पर पांच, नरवाना-कैथल पर 24 और नरवाना-हिसार रूट पर 20 बसें शामिल हैं। नए रूट में पिल्लूखेड़ा से रोहतक वाया धडोली, ललितखेड़ा, नंदगढ़, लिजवाना, जुलाना, लाखनमाजरा, जींद से हांसी वाया ईक्कस, रामराये, गुलकनी, राजथल, नारनौंद, नरवाना से नारनौंद वाया उचाना कलां, भौंगरा, बुडायन, कापड़ो, खेड़ी चौपटा, राखी और नरवाना से जींद वाया डूमरखां, सफाखेड़ी, उचाना कलां, खटकड़, झांझ जैसे रूट पर परिवहन समिति की बसों से आवेदन मांगे गए हैं।



अभी तक आए 400 आवेदन

जिला परिवहन विभाग कार्यालय के निरीक्षक बलजीत सिंह ने बताया कि पिछले एक महीने से ज्यादा समय के अंदर 400 आवेदन आ चुके हैं। आवेदन के लिए 25 हजार की नान रिफंडेबल वऊीस जमा करवानी होगी। कोई भी आवेदन कर्ता किसी भी कार्य दिवस में जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय में आकर अपना आवेदन जमा करवा सकता है। जिले में नए स्टेज कैरिज परमिट लेने के लिए आवेदन की तारीख बढ़ा दी है। अब 6 नवंबर तक आवेदन लिए जाएंगे।



नरवाना। जरूरत की सामग्री वितरित करते सदस्य। फोटो :हरिभूमि

जरूरतमंद परिवारों को वितरित की आवश्यक सामग्री

नरवाना। भारत विकास परिषद केशव शाखा, नरवाना द्वारा सेवा एवं सामाजिक सरोकारों के तहत मोर भ_1, नेहरा गांव में जरूरतमंद परिवारों एवं छोटे बच्चों के लिए सेवा गतिविधि का आयोजन किया गया। इस दौरान जरूरतमंदों को पैंट-टीशर्ट, बच्चों के कपड़े, लेडीज सूट, जूते सहित अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। परिषद के सदस्यों ने बताया कि इस सेवा गतिविधि का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों तक आवश्यक वस्तुएं पहुंचाकर उनके जीवन में सहयोग एवं खुशियां लाना है। सामग्री प्राप्त करने वाले परिवारों के चेहरों पर खुशी एवं संतोष स्पष्ट दिखाई दिया। इस अवसर पर परिषद परिवार के संरक्षक सतीश सेतिया, सेवा गतिविधि संयोजक पवन सिंगला, रिंकू गर्ग, राहुल सिंगला सहित परिषद के अन्य सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी सदस्यों ने सेवा कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया। परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि भारत विकास परिषद का मूल संकल्प सेवा, संस्कार और समर्पण है और परिषद निरंतर समाज के जरूरतमंद वर्गों तक सहायता पहुंचाने के लिए प्रयासरत है।

खबर संक्षेप

एएसआई से एसआई बने रामजुवारी और विकास

कैथल। जिला कैथल में तैनात दो पुलिस कर्मचारी एएसआई से सब इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नत हुए है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रामजुवारी व विकास को एएसआई से सब इंस्पेक्टर के पद पर प्रमोट होने पर एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने स्टार लगा कर सम्मानित किया। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि प्रमोशन प्राप्त करने पर पुलिस कर्मचारियों के कंधों पर जिम्मेदारी बढ़ जाती है। क्योंकि प्रमोशन के साथ नई जिम्मेदारी मिलती है। इसलिए इस जिम्मेदारी को ईमानदारी और निष्ठा से निभाना।

काकौत-सेगा में सिखाए आपदा से बचाव के गुर

कैथल। 7वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), बठिंडा की टीम ने जिले के राकवमावि काकौत तथा गांव सेगा में आपदा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। टीम कमांडर सब-इंस्पेक्टर रेख सिंह मीणा के नेतृत्व में आयोजित इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, स्टाफ और ग्रामीणों को विभिन्न आपदाओं के दौरान बचाव, प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी दी । स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम के दौरान विद्यार्थियों एवं स्टाफ को प्राथमिक उपचार के तहत ड्रेसिंग-बैंडेजिंग, रक्तस्राव रोकने, वयस्कों तथा घायलों को सुरक्षित तरीके से उठाने और उन्हें अस्पताल पहुंचने के तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया।

11 सर्कलों से विजेता माताओं ने लिया भाग

पूंडरी। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी पुंडरी द्वारा आज कार्यालय परिसर में सर्वोत्तम माता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुमन पाहुजा, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, पुंडरी द्वारा की गई। कार्यक्रम में डॉ. रोजी कौशिक, राहुल कौशिक तथा विभाग की सुपरवाइजरों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में ब्लॉक पुंडरी के अंतर्गत आने वाले 11 सर्कलों से सर्कल स्तर पर चयनित एवं विजेता माताओं ने भाग लिया। सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लेते अनुभव एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

टीबी उन्मूलन के लिए चलाया अभियान

राजौंद। 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की राष्ट्रीय पहल 'संयुक्त स्वास्थ्य दल' के अंतर्गत गुरुवार को जिले के सभी खंडों में विशेष 'टीबी की जानकारी' जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से इन कार्यक्रमों में राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स, मेरा युवा भारत के स्वयंसेवकों तथा पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी की।कैथल, कलायत, गुहला, पूंडरी, सीवन, राजौंद, ढांड सहित जिले के खंडों में जागरूकता सत्रों के दौरान ग्रामीणों को टीबी के लक्षण, जांच, बचाव और सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध निःशुल्क जांच एवं उपचार की जानकारी दी गई।

इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और कंप्यूटर शिक्षा दी

कैथल। सेवा संकल्प अभियान के तहत शहर की राजकीय आईटीआई में बुजुर्गों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के मार्गदर्शन में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे अभियान के तहत कार्यक्रम में बुजुर्गों को इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और कंप्यूटर शिक्षा की जानकारी दी गई। वरिष्ठ नागरिकों ने संस्थान में संचालित विभिन्न व्यवसायों का दौरा किया प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों से पढ़ाई व प्रशिक्षण से जुड़े सवाल पूछे।

पराली प्रबंधन के प्रति जागरूक किया

कैथल। शिक्षा भारती विद्या निकेतन, कलायत में कृषि विभाग के सहयोग से पराली और धान के अवशेष न जलाने के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज व किसानों को पर्यावरण संरक्षण और पराली प्रबंधन के प्रति जागरूक करना था।

नपा कलायत में भ्रष्टाचार और सरकारी कर्मचारियो की फरलो पर प्रशासन का कड़ा संज्ञान, एसडीएम ने कार्यालयों-विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

नगर पालिका के माध्यम से जारी विभिन्न निर्माण विकास कार्यों में कथित भ्रष्टाचार व कुछ सरकारी कर्मियों के ड्यूटि के नाम पर फरलो पर रहने के गर्माये मामले पर प्रशासन ने कड़ा संज्ञान लिया है। इसके तहत डीसी अपराजिता के निर्देश पर एसडीएम अजय हुड्डा ने बृहस्पतिवार को नगर पालिका सहित विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले एसडीएम सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर नगरपालिका कार्यालय पहुंचे। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्यालयीन कार्यप्रणाली का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका अभियंता कार्यालय में उपस्थित नहीं पाए गए। उनके पास अतिरिक्त कार्यभार होने के मद्देनजर एसडीएम द्वारा निर्देश दिए गए कि वे नगरपालिका कलायत के लिए सप्ताह में अपने कार्य दिवस निर्धारित करें। इसकी सूचना एसडीएम को दें ताकि कार्यालय के कार्यों का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही क्लर्क हरदीप भी कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए। जबकि उनके द्वारा प्रस्तुत अवकाश आवेदन अभी तक स्वीकृत नहीं हुआ था। इस पर कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति एवं अनुशासन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

डीसी के मार्ग दर्शन में स्पेशल जांच विंग गठित करने की मांग

जायजा लिया

एसडीएम कलायत द्वारा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया गया। कार्यालय की कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की उपस्थिति एवं लंबित कार्यों की स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सरकारी कार्यों का समयबद्ध एवं तत्परता से निपटारा करने एवं कार्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



कलायत। नगर पालिका कर्मियों की हाजिरी लेते एसडीएम अजय हुड्डा।

अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश

एसडीएम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव कमालपुर का भी औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान विद्यालय में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों में समयबद्धता, अनुशासन, नियमित उपस्थिति एवं आमजन को बेहतर सेवाएं प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का पूरी तरह संजीदगी से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

कार्रवाई का आश्वासन

एसडीएम द्वारा नगरपालिका कार्यालय के क्रमवार किए गए निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रदीप राणा मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने पालिका के कुछ अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा विभागीय कार्यों के प्रति की जा रही लापरवाही के साथ-साथ विकास कार्यों में पारदर्शिता कायम न करने के आरोप लगाए। इसके लिए डीसी के मार्ग दर्शन में स्पेशल जांच विंग गठित करने का आग्रह पार्षद ने जनहित के मद्देनजर किया। प्रशासनिक अधिकारी ने पार्षद के आरोपों को गंभीरता से सुना एवं प्रक्रिया अनुसार कार्यवाही का आश्वासन दिया।

पाई बस स्टैंड का सौंदर्यीकरण कर नवीन स्मार्ट सुविधा का काम हुआ आरंभ

पाई बस स्टैंड पर क्षेत्र के यात्रियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं: सतपाल जांबा

- सेवा भाव को धरातल पर उतारने और आगे बढ़ाने की दिशा में सराहनीय प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन एवं 'नवीन जिन्दल फाउंडेशन' के सौजन्य से पाई बस स्टैंड, पुंडरी का सौंदर्यीकरण कर 'नवीन स्मार्ट सुविधा' बनाने का शुभारंभ विधायक सतपाल जांबा द्वारा किया गया। यह महत्वपूर्ण पहल माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सेवा संकल्प अभियान 2026' के सेवा भाव को धरातल पर उतारने और आगे बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। नवीन स्मार्ट सुविधा को यात्रियों की सुविधा और आराम को ध्यान में रखकर आधुनिक ढंग से पुनर्विकसित किया जाएगा। यहाँ यात्रियों के बैठने के लिए आरामदायक व बेहतर व्यवस्था के साथ-साथ पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग स्वच्छ शौचालयों का निर्माण करवाया जाएगा। यात्रियों की खान-पान व दैनिक जरूरतों की पूर्ति हेतु परिसर में मिल्क बूथ एवं जनरल स्टोर की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त, समूचे परिसर में साफ-सफाई व हरियाली का विशेष ध्यान रखा गया है तथा यात्रियों की सुरक्षा व मार्गदर्शन के लिए पर्याप्त रोशनी और आधुनिक सूचना बोर्ड स्थापित किए जाएंगे। इस अवसर पर चेयरमैन सुभाष हजवाना, मंडल अध्यक्ष सरोज करोड़ा, चेयरमैन कृष्ण शर्मा, भाजपा नेत्री निधि मोहन, संदीप ढुल, पाई के सरपंच प्रतिनिधि नरेश ढुल, विजय ढुल, घनश्याम आर्य, राजेश अम्बरसर, नरेश एडवोकेट, नवीन जिन्दल फाउंडेशन से शुभम ऐरी, पुंडरी हल्का प्रभारी अरविंद गोलन, कलायत हल्का प्रभारी वीरेंद्र सारण आदि उपस्थित रहे।



पूंडरी। नवीन स्मार्ट सुविधा का शुभारंभ करते विधायक सतपाल जांबा।



ढांड। विधायक सतपाल जांबा का स्वागत करते पबनावा के ग्रामीण।

बस स्टॉप का आधुनिकीकरण होगा

पुंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने सांसद नवीन जिन्दल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और आमजन को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दिन-रात प्रयासरत हैं। पाई बस स्टैंड पर इस 'नवीन स्मार्ट सुविधा' की शुरुआत होने से स्थानीय नागरिकों तथा दूर-दराज से आने-जाने वाले यात्रियों को अत्यधिक सहूलियत मिलेगी और उनका सफर सुगम व आरामदायक बनेगा। संसदीय क्षेत्र कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के विजन के अनुसार कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के सभी बस स्टॉप का आधुनिकीकरण किया जाएगा। पाई बस स्टैंड से इस अभियान की शुरुआत की गई है

पूंडरी के विकास को नई रफ्तार दे रहे जांबा दो साल पूरे होने पर हवन में लिया संकल्प

- पबनावा में ग्रामीणों ने किया स्वागत, बोले- सीवरेज के बाद गांवों की गलियों और नालियों के सुधार पर रहेगा फोकस

ढांड। विधायक सतपाल जांबा के विधायक के रूप में दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर गांव पबनावा स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। विधायक सतपाल जांबा ने ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं के साथ हवन-यज्ञ में आहुति डालकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि श्री बालाजी हनुमान मंदिर में महाराज सतपाल के सानिध्य में ग्रामीणों के साथ हवन-यज्ञ में आहुति डालकर उन्हें काफी अच्छा लगा। उन्होंने भगवान से पूरे पूंडरी हल्के के लोगों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक ने कहा कि विधायक बनने से पहले भी वह समाजसेवा के कार्यों से जुड़े रहे हैं। विकास कार्यों के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने, सफाई अभियान चलाने और पौधारोपण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते रहे हैं।

खरीद प्रक्रिया में निगरानी के लिए लगाई अधिकारियों की ड्यूटी

- बिना अनुमति छुट्टी और मुख्यालय छोड़ने पर रोक, मंडियों में धान की आवक की रोजाना होगी जांच

कैथल। मंडियों में धान की आवक एवं खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए डीसी अपराजिता ने प्रथम श्रेणी के अधिकारियों की मंडीवार ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी अपने-अपने आवंटित मंडियों का प्रतिदिन निरीक्षण करेंगे। गेट पास के अनुसार दर्ज धान की आवक तथा मंडी में मौजूद धान की वास्तविक मात्रा का मिलान करने के बाद हर रोज की रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय और संबंधित नोडल अधिकारियों को भेजेंगे। डीसी अपराजिता ने खरीद प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन से जुड़े कोई भी अधिकारी या कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर नहीं रहेंगे।

समाधान किया जाए

इसी प्रकार कार्यकारी अभियंता पंचायती राज को अरनौली व भागल, कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य विभाग डिविजन-1 को सीवन व राधे-राधे मार्बल चीका, कार्यकारी अभियंता सिंचाई विभाग पूंडरी डिविजन को राजौंद व पाई, जिला परिषद के डिप्टी सीईओ को ढांड व साइलो अडानी सोलू माजरा तथा कार्यकारी अभियंता पीडब्ल्यूडी डिविजन-2 को पूंडरी व कौल मंडी की निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। डीसी ने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मार्किट कमेटियों, राइस मिलरों, किसानों और खरीद एजेंसियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखें। धान खरीद, गेट पास, उठान तथा अन्य किसी भी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।

कुरुक्षेत्र में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आज से : कृष्ण श्योकंद

कैथल। विश्व जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 10 व 11 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में महिला व पुरुष वर्ग की टीमें हिस्सा लेंगी। जानकारी अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद और प्रतियोगिता के कन्वीनर ईश्वर ढांडा ने गुरुवार को निजी होटल में आयोजित बैठक में दी। बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ कुरुक्षेत्र में जाट धर्मशाला में 10 अक्टूबर को सुबह 10 बजे महिला वर्ग के मुकाबलों से होगा। पुरुष वर्ग के मुकाबले 11 अक्टूबर को होंगे और पुरुष वर्ग के फाइनल के बाद समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। दोनों वर्गों में प्रथम स्थान हासिल करने वाली टीम को एक लाख रुपए, द्वितीय को 71 हजार और तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम को 21 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। आठवें स्थान तक पहुंचने वाली टीमों को भी पुरस्कार दिए जाएंगे। समापन समारोह में महिपाल ढांडा और नवीन जिंदल मुख्य अतिथि रहेंगे। आयोजन में स्वतंत्र सेवा समूह, कुविवि पूर्व छात्र संघ और महाराजा सूरजमल जाट वेलफेयर सोसाइटी कैथल सहयोग करेगी।



फसल उठान में तेजी लाने के निर्देश

- किसानों को न आए किसी प्रकार की समस्या :मनीष कुमार यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला चीका

एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कहा कि धान खरीद सीजन जोरों पर चल रहा है। जिन अधिकारियों की डयूटियां लगाई है, वे अपनी डयूटी निष्ठा से करें। कार्य में कोई भी लापरवाही न बरती जाए। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न आने दें। सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि किसान की धान एमएसपी पर ही खरीदी जाए और सभी मूलभूत सुविधाएं मंडियों में उपलब्ध करवाई जाए। एसडीएम मनीष कुमार यादव वीरवार को पुरानी अनाज मंडी चीका तथा अतिरिक्त अनाज मंडी का निरीक्षण करने के दौरान आढ़तियों, किसानों, अधिकारियों व कर्मचारियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने धान उठान के कार्यों में हो रही परेशानी तथा फसल पंजीकरण के कारण गेट पास कटने में आ रही समस्या के बारे में जानकारी हासिल की। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे ट्रांसपोर्ट एजेंसियों के साथ आपसी तालमेल बनाकर फसल उठान का कार्य निरंतर जारी रखे। मंडी में जाम जैसी स्थिति न बने। बिना किसी गेट पास के खड़े ट्रकों को वैरिफाई करें।



गुहला चीका। एसडीएम मनीष यादव धान खरीद के दौरान किसानों से बातचीत करते हुए।

एसआईआर से संबंधित लंबित मामलों की सुनवाई

कैथल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अपराजिता ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत जिले में 13,409 सुनवाई मामले लंबित हैं, जो कुल मामलों का 11.18 प्रतिशत है। इन मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में लगाए गए विशेष शिविरों तथा घर-घर सर्वे के दौरान 1,248 लंबित मामलों की सुनवाई की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी अपराजिता ने बताया कि नोटिस की सुनवाई समय पर पूरी करने के उद्देश्य से 9 अक्टूबर को भी ऐसे मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे तथा घर-घर सर्वे किया जाएगा, जहां नोटिस प्राप्त होने के बावजूद संबंधित मतदाताओं द्वारा अभी तक आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं करवाए गए हैं। निर्देश दिए कि नोटिस एवं सुनवाई से संबंधित मामलों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

आयुष ने कांस्य पदक जीता

- जूडो प्रतियोगिता में जाट स्टेडियम के खिलाड़ियों ने जीते पांच पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

जूडो में कैथल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। जाट स्टेडियम में नियमित रूप से अभ्यास करने वाले पांच खिलाड़ियों ने अलग-अलग भार वर्गों में आयोजित जूडो प्रतियोगिता में पदक हासिल किए। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से स्टेडियम में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में 25 किलोग्राम भार वर्ग में आयुष ने कांस्य पदक, 50 किलोग्राम में मुस्कान कौर ने कांस्य पदक, 60 किलोग्राम में जशन ने रजत पदक, 66 किलोग्राम में कुनाल ने कांस्य पदक तथा 73 किलोग्राम भार वर्ग में वैभव ने रजत पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के दौरान अपनी तकनीक, फिटनेस और खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए मुकाबलों में कड़ी चुनौती पेश की। यह प्रतियोगिता मिनर्वा पब्लिक स्कूल, जींद रोड, असंध में आयोजित की गई। जाट स्टेडियम में जूडो खिलाड़ी कोच श्री राजेश कुमार के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास कर रहे हैं। खिलाड़ियों की मेहनत और निरंतर अभ्यास का परिणाम प्रतियोगिता में मिले पदकों के रूप में सामने आया। पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का जाट समिति की ओर से स्वागत किया और उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी गईं।



कैथल। खेलों में अव्वल रहे खिलाडी। *फोटो: हरिभूमि*

प्रॉफिट का लालच देकर साइबर फ्रॉड बना रहे ठगी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



- सतर्क व सचेत रहकर करें अपने पैसे की सुरक्षा

एसपी मनप्रीत सिंह सूदन

तकनीक के इस युग में लगभग हर व्यक्ति कंप्यूटर अथवा फोन से जुड़ा हुआ है। ऐसे में साइबर अपराधी भी अपराध करने के नए-नए तरीके अपना रहे है । आए दिन लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। साइबर ठगों द्वारा सोशल मीडिया पर लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है इनमे से एक इन्वेस्टमेंट के नाम पर ज्यादा प्रॉफिट का लालच देकर लोगों के साथ पैसे की ठगी करने का नया तरीका सामने आया है। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर ठग विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इन्वेस्टमेंट के विज्ञापन देते है, जिसमें उनके द्वारा इन्वेस्टमेंट करने पर 500-600 प्रतिशत या बड़ा प्रॉफिट देने की बात कही जाती है। आमजन प्रॉफिट के लालच में उनके उस लिंक पर क्लिक करता है। साइबर अपराधियों द्वारा व्हाट्सएप या टेलीग्राम ग्रुप ज्वाइन करवा लिया जाता है। ठग टर्म एंड कंडीशन समझाते इन्वेस्टमेंट करने के लिए कहते है।

निर्देश मंडल आयुक्त हेमा शर्मा ने राजस्व अधिकारियों की ली बैठक

राजस्व कार्यो में पारदर्शिता और तेजी लाएं अधिकारी

- विभागीय कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

मंडल आयुक्त हेमा शर्मा ने वीरवार को कैथल का दौरा कर राजस्व एवं प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने पेपरलेस रजिस्ट्री, इंतकाल, टोकन सिस्टम, निशानदेही, कोर्ट केस, तकसीम, सीएम विंडो, जनसंवाद तथा अन्य विभागीय कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान मंडल आयुक्त ने अधिकारियों को कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने तथा लंबित मामलों का निर्धारित समयसीमा में निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीसी अपराजिता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी एवं अधिकारी अपने कार्यों की स्वयं नियमित निगरानी करें और यह सुनिश्चित करें कि आमजन से जुड़े कार्य अनावश्यक रूप से लंबित न रहें। नए डिजिटल सिस्टम का उद्देश्य कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, सरल और समयबद्ध बनाना है, इसलिए अधिकारियों को तकनीकी समस्याओं की भी लगातार निगरानी करनी चाहिए। मंडल आयुक्त हेमा शर्मा ने निर्देश दिए कि पेपरलेस रजिस्ट्री व्यवस्था में निर्धारित समय सीमा के भीतर टोकन डिसाइड किए जाएं तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी न हो। इंतकाल और ऑटो-म्यूटेशन का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करते हुए पेंडेंसी खत्म की जाए। बैठक में तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों ने ऑनलाइन पोर्टल पर आ रही तकनीकी दिक्कतों से भी मंडल आयुक्त को अवगत कराया। जिस पर मंडल आयुक्त ने कहा कि डिजिटल सिस्टम में आने वाली प्रत्येक तकनीकी समस्या को तत्काल दर्ज करवाया जाए, ताकि संबंधित तकनीकी टीम के माध्यम से उसका जल्द समाधान करवाया जा सके। इसी प्रकार उन्होंने सीएम विंडो, जन संवाद एवं समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्रभावी एवं समयबद्ध निपटान करने के निर्देश दिए। एडीसी सुशील कुमार, डीएमसी कपिल शर्मा, कैथल एसडीएम संजय, कलायत एसडीएम अजय हुड्डा मौजूद रहे।



कैथल। मंडल आयुक्त हेमा शर्मा अधिकारियों की बैठक लेते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

मामले को गंभीरता से लिया जाएगा

बिना उचित तामील के एकतरफा आदेश पारित न करें अधिकारी कोर्ट केसों की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी राजस्व मामले में आदेश पारित करने से पहले समन एवं नोटिस की उचित तामील सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना उचित तामील के एकतरफा आदेश पारित किए जाने के मामले को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं एसडीएम स्तर पर लंबित कोर्ट केस की नियमित सुनवाई कर उनका शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने को कहा।

कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका

वोट चोरी के आरोपों पर इंडिया महागठबंधन सड़कों पर उतरा





जींद। बृहस्पतिवार को वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत विरोध प्रदर्शन तथा पुतला दहन करते हुए इंडिया महागठबंधन के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हर हाल में देना होगा इस्तीफा: गीता भुक्कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध और वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत वीरवार को इंडिया महागठबंधन के घटक दलों ने जींद में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की संयुक्त अध्यक्षता प्रकाश चंद्र, कांग्रेस जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर और प्रेमचंद ने की। कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ियों और वोटों की सुरक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इस मौके पर पूर्व विधायक सुभाष गांगोली, सतपाल सत्तू, दिनेश डाहौला, सारंग शमशेर ढाठरथ, विजेंद्र ढाठरथ, इशाक भट्टी, जेपी रूहिल, पवन दूहन, पूर्व मंत्री रामभज लोधर, पूर्व सांसद सुरेंद्र बरवाला, पूर्व विधायक सुभाष देसवाल, महावीर गुप्ता, बलराम कटवाल, रमेश सैनी, जगबीर सिंह डिगाना, राजू लखीना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि यह संघर्ष लोकतंत्र और मतदाता के अधिकारों की रक्षा के लिए है। ज्ञानेश कुमार को हर हाल में इस्तीफा देना होगा और उनके खिलाफ संवैधानिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए। मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया गया। प्रदर्शनकारी रानी तालाब स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के पास एकत्र हुए और वहां से जुलूस के रूप में लघु सचिवालय परिसर में पहुंचे। यहां मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और प्रधानमंत्री के पुतलों का दहन कर रोष जताया गया। इस दौरान नेताओं ने एसआईआर को लेकर भी विरोध दर्ज कराया और मतदाता सूचियों में पारदर्शिता की मांग उठाई। प्रदर्शन को कपूर सिंह, रमेश चंद्र प्रेमचंद, मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष किसान सभा एवं संयुक्त किसान मोर्चा के नेता, रिटायर्ड कर्मचारी यूनियन के नेता ईश्वर ठाकुर, अक्षय राज्य अध्यक्ष एसएफआई तथा नरेश राज्य सचिव नौजवान सभा सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रदर्शनकारी लघु सचिवालय परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास पहुंचे। यहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कई प्रदेशों में सरकारें चोरी हुई : गीता

प्रदर्शन में पूर्व मंत्री एवं झज्जर से कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न हथकंडों के जरिए वोटों की चोरी की गई तथा कई प्रदेशों में सरकारें भी चोरी की गईं। उन्होंने कहा कि विपक्ष जब मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलने का प्रयास करता है तो नेताओं और सांसदों को गिरफ्तार किया जाता है। दिल्ली में चल रहे आंदोलन का जिक्र करते हुए भुक्कल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित बड़ी संख्या में सांसदों की गिरफ्तारी से सरकार की घबराहट सामने आ गई है।

किसानों की समस्याओं को लेकर इनेलो कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

- खरीदी गई धान का जल्द से जल्द भुगतान करवाने व मंडियों में किसानों को सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। मंडी में प्रदर्शन करते हुए इनेलो कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

किसान समस्याओं को लेकर गुरुवार को इनेलो कार्यकर्ताओं ने नरवाना, उचाना नई अनाज मंडी और अलेवा अनाज मंडी में प्रदर्शन किया और सेक्रेटरी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भेजा। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने किया। उन्होंने किसानों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि अब तक मंडियों में लगभग सात लाख मीट्रिक टन धान आ चुका है, जबकि खरीद केवल 1.26 लाख मीट्रिक टन ही खरीदा गया है और भुगतान केवल 13.52 करोड़ रुपये का है। जबकि खरीदे गई धान की कीमत 307.57 करोड़ रुपये बनती है। सरकार में किसान हर तरह से परेशान है। ऐसा प्रतीत हो रहा है, जैसे सरकार किसानों से खार खाई हुई है। सरकार द्वारा जो तीन कृषि काले कानून लाए गए थे और किसानों ने उनका विरोध करके सरकार को झुकाते हुए कानून को वापस करवाने का काम किया था। उसी का बदला लेने के लिए सरकार बार-बार किसानों को परेशान कर रही है। ऐसी हालत में हम किसानों के साथ खड़े हैं और किसानों की हर समस्या में साथ देने का काम करेंगे। आज 2461 रुपये धान का एमएसपी है लेकिन किसानों को ओने-पौने दामों में फसल बेचना पड़ रहा है 10 से 15-15 दिन तक किसानों को मंडियों में इंतजार करना पड़ता है।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर रामफल कुंडू, प्रदीप गिल, प्रो. धर्मेंद्र दुल, रामेश्वर पहलवान, वेद सिंह मुंडे, जयकुमार पवार, प्रदीप नैन सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विधायक अत्री की सेवा भावना के साथ विकास के पथ पर अग्रसर उचाना : सुरेंद्र

उचाना। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि 8 अक्टूबर का दिन हरियाणा और उचाना की जनता के लिए ऐतिहासिक रहा। प्रदेश में पहली बार लगातार तीसरी बार किसी पार्टी की सरकार बनी और उचाना हलके से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र चतरभुज अत्री विधायक निर्वाचित हुए। उचाना के मतदाताओं ने बड़े नामों को हराकर किसान परिवार के बेटे को विधानसभा में भेजने का काम किया। उन्होंने कहा कि जहां सेवा भावना नेतृत्व करती है, वहां विकास अपने आप रास्ता बनाता है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के नेतृत्व में उचाना हलका निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। पहले दो वर्षों में विधायक लोगों की उम्मीदों पर खरे उतरे हैं। अब तक करीब 400 जरूरतमंद परिवारों की आर्थिक मदद उनके द्वारा की जा चुकी है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के पढ़ाई के इच्छुक बेटे-बेटियों की अपने खर्च पर शिक्षा की जिम्मेदारी लेकर उनके सपनों को पूरा करने का प्रयास भी किया जा रहा है।

निजी स्कूलों की समस्याओं को लेकर एसडीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

उचाना। निजी स्कूलों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर निजी स्कूल संचालकों के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम उचाना सुमन यादव (आईएएस) से मुलाकात कर बैठक की। बैठक में जींद जिला प्रधान त्रिलोक भारद्वाज एवं उनकी कार्यकारिणी, उचाना ब्लॉक प्रधान नरेंद्र वत्स एवं उनकी कार्यकारिणी के पदाधिकारी तथा विभिन्न निजी स्कूल संचालक मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने निजी स्कूलों एवं शिक्षण संस्थानों के सामने आ रही विभिन्न समस्याओं को तथ्यों के साथ एसडीएम के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि निजी स्कूल शिक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, इसलिए स्कूलों से संबंधित समस्याओं का उचित एवं समयबद्ध समाधान जरूरी है। सुमन यादव ने प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक माहौल में सुना। उन्होंने संबंधित विषयों पर उचित कार्रवाई करने तथा समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

न्यूज डायरी



अरुणाय धाम के लिए बस यात्रा रवाना

नरवाना। अग्रवाल वैश्य समाज शाखा नरवाना के तत्वावधान में आठवीं निशुल्क अरुणाय धाम बस यात्रा हुड्डा मार्किट नरवाना से शहर के समाजसेवी राजेश सिंगला द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई। इस अवसर पर अग्रवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष अर्जुन गोयल ने बताया कि बस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। इस बस यात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थल के दर्शन एवं पूजा-अर्चना करने का अवसर प्राप्त होगा। प्रेस प्रवक्ता दीपक सिंगला ने बताया कि शहर के सभी भक्तजनों ने बाबा भोलेनाथ के मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया और पुण्य प्राप्त किया। सभी भक्तजनों ने मंदिर में प्रसाद वितरित किया।

बडनपुर स्कूल के लिए घोषित ग्रांट नहीं आई



नरवाना। गांव बडनापुर में लगभग 3 वर्ष पहले हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर द्वारा घोषित ग्रांट अभी तक नहीं लगी है। इसको लेकर शहीद भगत सिंह शिक्षा कमेटी की बैठक रविवार को होगी। प्रेस को जानकारी देते हुए शहीद भगत सिंह इंकलाब मंच हरियाणा इकाई नरवाना के प्रधान व पूर्व सरपंच डॉ0 जोगिन्द्र थ्योकंद बडनापुर ने बताया कि 3 वर्ष पहले हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने गांव बडनापुर का दौरा किया था तथा गांव के विद्यालय के लिए चारदिवारी ऊंची करने व सौर ऊर्जा पैनल लगवाने की घोषणा की थी। ग्रांट अलॉट होने के बावजूद भी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सुस्त रवैया अपनाया हुआ है। इस बैठक में इसके अलावा कन्या मिडल स्कूल को मर्ज नहीं करने दिया जाए, बच्चों की पढ़ाई, सांस्कृतिक गतिविधियां, खेल व अनुशासन आदि मुख्य मुद्दे रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया के बढ़ते प्रचार की वजह से बच्चों में संस्कार व अनुशासन में कमी आई है। इन सब पर विचार-विमर्श करके आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।



गन्ने की शरदकालीन बिजाई करें किसान

कैथल। सहकारी चीनी मिल कैथल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने गांव टयोंठा और बारना में किसानों को गन्ने की शरदकालीन बिजाई अधिक से अधिक क्षेत्र में करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शरदकालीन बिजाई करने से गन्ने का उत्पादन अधिक होता है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि गन्ने के साथ मिश्रित फसलों की खेती भी की जा सकती है। किसान गन्ने के साथ सरसों, गेहूं, तोरिया तथा सर्दी के मौसम में उगाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती कर अतिरिक्त मुनाफा कमा सकते हैं। कृष्ण कुमार ने कहा कि गन्ना ऐसी फसल है, जो विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं को सहन करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि अक्तूबर माह गन्ने की शरदकालीन बिजाई के लिए उपयुक्त समय है। हरियाणा राज्य में अनुमोदित गन्ने की उत्तम किस्मों का बीज प्राप्त करने के लिए गन्ना फील्ड स्टाफ से संपर्क करें। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि गन्ने का बीज केवल मिल फार्म, क्षेत्रीय गन्ना अनुसंधान केंद्र कौल (उचानी), गन्ना प्रजनन संस्थान करनाल (पूसा) अथवा विश्वसनीय गन्ना बीज नर्सरी से ही खरीदें। इस अवसर पर गन्ना प्रबंधक डॉ. जसमिन्द्र सिंह, गन्ना विपणन अधिकारी डॉ. रामपाल , गन्ना विकास निरीक्षक डॉ. सूर्या प्रकाश, राजबीर व विजय कुमार गन्ना कामदार के अलावा धीरज राणा, अनुज, दीपक, सुरेंद्र टयोंठा, सुभाष, बलजीत, रामकुमार और वीरेंद्र बारना मौजूद रहे।

नाटक के माध्यम से छात्रों को एचआईवी-एड्स से बचाव के प्रति किया जागरूक

राजौंद। सेवा संकल्प अभियान के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बीर बांगड़ा, राजौंद में हरियाणा एड्स नियंत्रण सोसायटी पंचकूला एवं स्वास्थ्य विभाग कैथल की ओर से एचआईवी-एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान रोहतास पेगा एवं उनकी नाटक मंडली ने गीत व नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों को एचआईवी-एड्स, नशे से बचाव तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया।काउंसलर मनीता ने विद्यार्थियों को एचआईवी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एचआईवी संक्रमित सुई के इस्तेमाल, संक्रमित मां से बच्चे में, संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध तथा संक्रमित रक्त चढ़ाने से फैल सकता है। उन्होंने कहा कि जानकारी ही बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि एड्स ऐसी अवस्था है, जिसमें शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता कमजोर हो जाती है। लगातार वजन कम होना, बुखार, थकान, अधिक पसीना आना, लंबे समय तक दस्त रहना, गर्दन, बगल या जांघों की ग्रंथियों में सूजन तथा मुंह या जीभ पर सफेद छाले, खुजली या दाने जैसे लक्षण दिखाई देने पर चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।

कृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



नगर के दुर्गा मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के छठे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के दौरान पूरा मंदिर परिसर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। कथा व्यास अरविंद शास्त्री ने छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण की युवावस्था, उनकी दिव्य लीलाओं तथा श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह सहित अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने शिरकत की और श्रद्धालुओं के बीच पहुंचकर कथा का श्रवण किया।कथा के दौरान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कथा व्यास ने बताया कि माता रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण को अपना पति मान चुकी थीं और उनके भाई रुक्मी द्वारा उनका विवाह शिशुपाल से करवाने की तैयारी की जा रही थी। रुक्मिणी के संदेश पर भगवान श्रीकृष्ण ने पहुंचकर उन्हें हरण किया और विधि-विधान से विवाह किया। कथा व्यास ने समझाया कि भगवान की रासलीला सामान्य सांसारिक घटना नहीं, बल्कि जीव और परमात्मा के बीच प्रेम, भक्ति और समर्पण का दिव्य प्रतीक है। गोपियों की श्रीकृष्ण के प्रति अनन्य भक्ति का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।कथा में गोपी-उद्धव संवाद का भी वर्णन हुआ। श्रीकृष्ण के मथुरा चले जाने के बाद उद्धव द्वारा गोपियों को ज्ञान का संदेश देने और गोपियों द्वारा प्रेम एवं भक्ति की महत्ता समझाने वाले प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस से भर दिया। इसके अलावा भगवान श्रीकृष्ण द्वारा मामा कंस के वध का प्रसंग भी सुनाया गया। कथा व्यास ने बताया कि कंस के अत्याचारों से मथुरा की जनता को मुक्ति दिलाकर भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की स्थापना का संदेश दिया। वहीं श्रीकृष्ण और सुदामा द्वारा गुरु संदीपनि के आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने, कालयवन वध तथा आगे चलकर द्वारका नगरी की स्थापना से जुड़े प्रसंगों का भी विस्तार से वर्णन किया गया। मुख्य अतिथि अशोक गुर्जर भाजपा ने कथा के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में संस्कार, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है।

विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

राजौंद। शहीद सियाराम राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज राजौंद ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में राजौंद ब्लॉक के सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल एवं प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में अमित सिंगल, रीना सैनी, सोनिया एवं विवेक कुमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। निर्णायकों ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न विज्ञान मॉडल एवं प्रोजेक्ट का अवलोकन किया तथा उनकी वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और प्रस्तुति की सराहना की।

समाधान शिविर में एडीसी ने सुनीं समस्याएं

कैथल। एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में दयोरा निवासी सतीश कुमार ने बिजली बिल दुरुस्त करवाने, जबकि सारण निवासी मामू राम और वार्ड नंबर 4 निवासी महेश कुमार ने परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याएं बताईं। इसके अलावा नागरिकों ने सड़क, पेयजल, सफाई सहित अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं भी रखीं। एडीसी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं का नियमानुसार एवं निर्धारित समय सीमा में समाधान किया जाए।

पूर्व सैनिकों ने मनाया 94वां वायु सेवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। कर्मवीर फौजी पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए फोटो : हरिभूमि

8 अक्टूबर 1932 को ब्रिटिश शासन के दौर में रॉयल इंडियन एयर फोर्स की स्थापना हुई। वही आज हमारी भारतीय वायु सेना है, जिसका 94 वां वायु सेना दिवस मना रहे हैं। इस मौके पर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल द्वारा वायु योद्धाओं को पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि यह कार्यक्रम 8 बजे महेश चौक पुराना बस अड्डा पर श्रद्धांजलि से आरंभ हुआ। 9 बजे शहीद स्काउडन लीडर महेश चंद्र गुलाटी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल के प्रांगण में शहीद की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल के प्रांगण में पहले श्रद्धांजलि पूर्व सैनिक बलवंत राज और सार्जेंट दिलबाग की पत्नी संतोष देवी द्वारा दी गई। लोक गायक कलाकार पूर्व सैनिक कर्मवीर द्वारा देशभक्ति के गीत गाए गए। राज्य एयर वेटरन्स प्रधान धर्मवीर सिंह व जिला प्रधान एच एफ ओ भीम सिंह गिल ने वायु सेना स्थापना दिवस एवं वायु सेना की उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। इस मौके पर ज्ञानेश्वर भाल, जोगिंदर भाल, महेंद्र सिंह राणा, बलबीर सिंह खटकड़, राजेश अम्बर सर, जगदीश गिल, राजपाल कुंडू, रामहेर, राजबीर सिंह, अनिल पूनिया, सवर फौजी कर्मबीर, मुख्तार सिंह जांगड़ा, बलजीत मोर, मोहन सिंह, सोमदत्त शर्मा, रवि दत्त शर्मा आदि मौजूद रहे।

भारत को जानो प्रतियोगिता में गुरु नानक स्कूल के विद्यार्थी छाए



पूंडरी। भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 'भारत को जानो' में गुरु नानक पब्लिक स्कूल, फरल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। जिले के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच गुरु नानक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अलग-अलग वर्गों में स्थान प्राप्त किए। कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 8वीं की छात्रा अनुष्का शर्मा और प्रनिता की जोड़ी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 10वीं के छात्र आकाश और छात्रा मुस्कान सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के दौरान भारत की संस्कृति, इतिहास, भूगोल, विज्ञान और समसामयिक विषयों से संबंधित प्रश्नों का आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। विद्यार्थियों के इस प्रदर्शन से विद्यालय में उत्साह का माहौल है। प्रधानाचार्या ऋतु बंसल ने कहा कि 'भारत को जानो' जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को देश के इतिहास, संस्कृति और ज्ञान से जोड़ने का काम करती हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल

कला | भाषण से लेकर रंगोली, फोटोग्राफी और हरियाणवी कला में मनवाया लोहा

सीआरएसयू के टैलेंट सर्च में विद्यार्थियों ने बिखेरी प्रतिभा

- रेड रन में दौड़े युवा, दिया स्वस्थ जीवन व नशामुक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में रंगोली बनाती छात्राएं तथा दौड़ में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित टैलेंट सर्च प्रोग्राम में पहले दिन विद्यार्थियों ने अपनी कला, रचनात्मकता और बौद्धिक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। अलग-अलग प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की प्रतिभा ने आयोजन को जीवंत बना दिया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के नेतृत्व में आयोजित टैलेंट सर्च कार्यक्रम के दौरान भाषण, ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी, प्रश्नोत्तरी, रंगोली, हरियाणवी पारंपरिक कला एवं शिल्पए काव्य संगोष्ठी और चित्रकला सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गईं। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता, ज्ञान और अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन करते हुए एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी। कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए केवल अकादमिक शिक्षा पर्याप्त नहीं है। सांस्कृतिक, साहित्यिक, कलात्मक और रचनात्मक गतिविधियों में भागीदारी भी उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानने और उसे निखारने का अवसर देते हैं।

शब्दों से जीता मंच, रंगों से मन मोहा

भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रभावशाली वक्तत्व और विचार अभिव्यक्ति से अपनी प्रतिभा दिखाई। ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी में प्रतिभागियों ने अपने आसपास के दृश्यों को अलग नजरिये से कैमरे में कैद कर रचनात्मक सोच का परिचय दिया। प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों की सामान्य ज्ञान और त्वरित सोच की क्षमता देखने को मिली। रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से अपनी कल्पनाशीलता को अभिव्यक्त किया। वहीं हरियाणवी पारंपरिक कला एवं शिल्प प्रतियोगिता में प्रदेश की लोक कला और सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली।

रेड रन में उत्साह से लिया भाग

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और नशे से दूर रहने का संदेश देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय रेड रन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय की ओर से नागरिक अस्पतालए जींद के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से पहुंचे छात्र.छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों ने निर्धारित मार्ग पर दौड़ लगाकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।